हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट))

भारत आज तीसरे वॉयस ऑफ ग्लो्बल साउथ शिखर सम्मेैलन की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन वर्चुअल माध्योम से हो रहा है। सम्मेनलन का विषय है- बेहतर भविष्ये के लिए सशक्तल ग्लोकबल साउथ। अफ्रीका, एशिया और लातिन अमरीका के विकासशील देशों को ग्लोएबल साउथ कहा जाता है।उद्घाटन सत्र में इन देशों के राष्ट्रा ध्यकक्ष और शासनाध्यलक्ष भाग लेंगे। इस सत्र की मेजबानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।विदेश मंत्रालय के प्रवक्तां रणधीर जायसवाल ने बताया कि सम्मेसलन में, संघर्ष, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा संकट, जलवायु परिवर्तन तथा ग्लोउबल साउथ की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।बांग्लायदेश में के बारे में श्री जयसवाल ने कहा कि सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है। उन्हों ने आशा व्य क्तल की है कि वहां हालात जल्दी ही सामान्यह होंगे ताकि हिन्दूश और अन्य् अल्पकसंख्यंक सुरक्षित रह सकें।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल करनाल के इंद्री में जन आशीर्वाद रैली में भाग लिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा हरियाणा प्रदेश में चुनावी तारीखों के ऐलान का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चुनावों को लेकर हमारी पूरी तैयारी है। पिछले 10 वर्षों से हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही थी और आने वाले समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम हरियाणा में बड़े बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे।

उन्होंने सभी दलों से यह अपील करते हुए कहा कि हम सब मिलकर भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण □ग से चुनाव को संपन्न करेंगे और अक्टूबर में नई सरकार का गठन होने के बाद एक बार फिर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। चुनाव आयोग द्वारा चुनावी तारीखों के ऐलान के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा की बीजेपी हरियाणा में एक बार फिर सरकार बनाएगी और चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। वही इनेलो के अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा की इनलो और बसपा चुनाव गढ़बंधन में लड़ेंगे और दोनों ही पार्टी पूर्ण रूप से तैयार है ।

****

सरकार नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों तक किसानों की पहुंच बनाने के लिए रेडियो पर एक कार्यक्रम किसानों की बात आरंभ करेगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्रो मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात की तर्ज पर होगा। केन्द्रींय कृषि और किसान कल्यामण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह कार्यक्रम सितम्बकर में शुरू होगा।आकाशवाणी के प्रति घंटा समाचार बुलेटिन के प्रसारण क्रम में संशोधन किया गया है। यह परिवर्तन आज मध्ये रात्रि बारह बजे से बुलेटिन के साथ लागू होगा। पहले हिंदी समाचार बुलेटिन प्रसारित होंगे, उसके तुरंत बाद 5 मिनट के अंग्रेजी समाचार भी प्रसारित किये जायेंगे।

****

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज में भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों- दो वर्षीय डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज तथा दो वर्षीय डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन की रिक्त सीटों पर सत्र 2024-2025 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया गया है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि सत्र 2024-2025 में दो वर्षीय डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज की रिक्त पांच सीटों तथा दो वर्षीय डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन की रिक्त एक सीट पर प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थी 23 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ओपन/फिजिकल काउंसलिंग 24 अगस्त को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। एक अन्य समाचार के अनुसार ,महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2024 में आयोजित बीटेक-दूसरे व चौथे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

****

हरियाणा कांग्रेस का महिला सम्मेलन पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान अंबाला से कांग्रेस के लोकसभा सांसद वरुण चौधरी सहित कई जिला पदाधिकारी भी मौजूद रहे । इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति देखनी हो तो उसकी महिला को उन्नत करना जरूरी है। जी माता-पिता की केवल एक बेटी है उसके लिए हमारी सरकार ने 4500 रुपए पेंशन शुरू की थी। इसी प्रकार महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए उनकी सरकार में तीन पुरस्कार भी आरंभ किए थे वह वर्तमान सरकार ने बंद कर दिए। हरियाणा में पहली बार महिलाओं के लिए 33% आरक्षण और पुलिस विभाग में भी 10% महिलाओं को आरक्षण देने का काम उनकी सरकार ने किया था । कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हरियाणा प्रदेश से अपराध खत्म करने का काम किया जाएगा।